Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 22 सितंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-22-september-2020

भारत-मालदीव के बीच प्रत्यक्ष कार्गो फेरी सेवा

हाल ही में भारत और मालदीव के बीच एक प्रत्यक्ष कार्गो फेरी सेवा की शुरुआत की गई है, जिसे क्षेत्रीय कनेक्टिविटी में एक नए मील के पत्थर के रूप में परिभाषित किया जा रहा है। इस कार्गो फेरी सेवा की घोषणा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जून 2019 में मालदीव की यात्रा के दौरान की गई थी। कार्गो सेवा एक माह में दो बार संचालित की जाएगी और इसका संचालन भारतीय नौवहन निगम (SCI) द्वारा किया जाएगा। गौरतलब है कि भारत वर्तमान में मालदीव का चौथा सबसे बड़ा व्यापार भागीदार है, और इस कार्गो सेवा की शुरुआत के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। प्रत्यक्ष कार्गो फेरी सेवा से परिवहन की लागत में कमी आएगी और भारत तथा मालदीव के बीच माल के परिवहन के लिये समयबद्ध, लघु और लागत प्रभावी साधन उपलब्ध कराएगी। कार्गो फेरी में कोल्ड स्टोरेज की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे मछलियों समेत अन्य समुद्री खाद्य पदार्थों का मालदीव से अधिक निर्यात किया जा सकेगा। चूँकि मालदीव 100 प्रतिशत आयात-निर्भर देश है, इसलिये प्रत्यक्ष कार्गो फेरी सेवा की शुरुआत से भारत और मालदीव के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा और द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री महिला उत्कर्ष योजना

हाल ही में गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना (MMUY) की घोषणा की है, जिसके तहत राज्य में महिला समूहों को ब्याज मुक्त ऋण प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री महिला उत्थान योजना (MMUY) के तहत शहरी क्षेत्रों में 50000 **संयुक्त देयता और आय समूह (JLEG)** बनाए जाएंगे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी 50000 JLEG बनाए जाएंगे। इस प्रत्येक समूह में 10 महिला सदस्य होंगी और इन समूहों को सरकार द्वारा ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा। इस योजना के तहत ब्याज राशि का वहन स्वयं राज्य सरकार द्वारा किया जाएगा। सरकार ने इन महिला समूहों को दिये जाने वाले ऋण के लिये स्टांप शुल्क माफ करने का भी निर्णय लिया है। राज्य सरकार इस योजना के तहत सभी संयुक्त देयता और आय समूहों (JLEG) को 1 लाख रूपए तक की राशि प्रदान करेगी।

उत्तराखंड पी.सी.एस. अध्ययन सामग्री
सामान्य अध्ययन (प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा)
28 बुकलेट्स
Click Here

विश्व गैंडा दिवस

प्रत्येक वर्ष 22 सितंबर को वैश्विक स्तर पर विश्व गैंडा दिवस (World Rhino Day) मनाया जाता है। इस दिवस का मुख्य उद्देश्य गैंडों की देखरेख, सुरक्षा और संरक्षण के संबंध में जागरूकता फैलाना है। गैंडा स्तनपायी और पूरी तरह शाकाहारी प्राणी है। विश्व में गैंडे की पाँच प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें से दो अफ्रीका में तथा तीन दक्षिण एशिया के देशों में मिलती हैं। भारत में एक सींग वाले गैंडों की संख्या सबसे अधिक है। असम, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में एक सींग वाले 3000 गैंडे हैं। विश्व गैंडा दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में विश्व वन्यजीव कोष (World Wildlife Fund-WWF) द्वारा की गई थी। भारत में सबसे अधिक गैंडे काजीरंगा नेशनल पार्क में पाए जाते हैं।

मालदीव को भारत की वित्तीय सहायता

भारत ने मालदीव सरकार को कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी के कारण हुए आर्थिक संकट से निपटने के लिये बजटीय सहायता के रूप में 250 मिलियन डॉलर की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई है। मालदीव के विदेश मंत्री अब्दुल्ला शाहिद ने इस अवसर पर कहा कि भारत ने महामारी के इस कठिन दौर में मालदीव की आर्थिक सहायता की है, जो कि मालदीव के राजस्व के अंतर को कम करने में मदद करेगा और इससे मालदीव सरकार की तत्काल आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने में मदद करेगी। ध्यातव्य है कि मालदीव की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन उद्योग है, जिस पर महामारी का काफी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। भारत द्वारा प्रदान की गई आर्थिक सहायता से मौजूदा कोरोना वायरस (COVID-19) महामारी के बीच दोनों देशों के संबंधों को और अधिक मज़बूत करने में भी सहायता मिलेगी। ध्यातव्य है कि जब वैश्विक स्तर पर महामारी ने आपूर्ति श्रृंखला को प्रभावित किया था तो भारत ने मई माह में 580 टन खाद्य पदार्थ समेत मालदीव को आवश्यक खाद्य और निर्माण सामग्री की आपूर्ति की थी।